आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 11.10.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्रों में 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शुभारंभ, लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- दीपावली और छठ पूजा को देखते हुए रेलवे द्वारा रिकॉर्ड संख्या में विशेष ट्रेनों के चलाने की योजना।
- आज से भोपाल में मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट 2025 का आयोजन, 700 से अधिक प्रतिभागी हो रहे हैं शामिल।
- प्रदेश में बारिश का दौर लगभग थमा, लेकिन हवाओं की दिशा बदलने से दिन और रात के तापमान में गिरावट।

पीएम–कृषि क्षेत्र परियोजनाएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में एक विशेष कृषि कार्यक्रम में कृषि और इससे जुडे क्षेत्रों में 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शुभारंभ, लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में 35 हजार करोड रूपये से अधिक की लागत वाली कृषि क्षेत्र की दो प्रमुख पहलों, पीएम धन–धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया।
24 हजार करोड़ रुपये की लागत से पीएम धन धान्य कृषि योजना की शुरुआत की गई है। वहीं, 11 हजार चार सौ 40 करोड़ रुपये की लागत वाली दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि–

इस अवसर पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अगले जीएसटी सुधारों में, सरकार ने कृषि उपकरणों पर जीएसटी दरों को कम करके किसानों को राहत प्रदान की है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्रधानमंत्री ने हमेशा किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

वैष्णव– नई दिल्ली रेलवे स्टेशन

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में कहा कि त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए 76 अन्य स्टेशनों पर भी इसी प्रकार के सुविधा केन्द्र बनाए जाएँगे। रेल मंत्री ने बताया है कि दीपावली और छठ पूजा को देखते हुए रिकॉर्ड संख्या में विशेष ट्रेनों के चलाने की योजना बनाई गई है। श्री वैष्णव ने बताया कि 12 हज़ार विशेष ट्रेनों में से लगभग 10 हजार सात सौ ट्रेनों को आगामी त्यौहारों पर चलाया जाएगा। रेल मंत्री ने आज नईदिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा कर नवनिर्मित यात्री सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर संवाददाताओं से बातचीत में श्री वैष्णव ने बताया कि इस सुविधा केन्द्र से यात्रियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित होगी और स्टेशन पर भीड़ भी कम होगी।

इंदौरः अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में आज विधि विशेषज्ञों की अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय और सुशासन न केवल राष्ट्र और समाज को मजबूत करते हैं, बल्कि शासन व्यवस्था को जवाबदेह भी बनाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश में कानून के क्षेत्र में अनेक नवाचार हो रहे हैं, जिससे नागरिकों को अधिक अधिकार मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि न्याय प्रणाली जितनी सहज और सरल होगी, नागरिक को उतनी ही जल्दी न्याय मिलेगा। हमारी सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक को सुगमता से न्याय मिले और उसकी आस्था न्यायिक व्यवस्था पर सदैव बनी रहे।

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति न्यायमूर्ति जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी ने कहा कि न्यायपालिका का लक्ष्य कानून का पुनर्निर्माण करना नहीं है, बल्कि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के विचार को सीमित किए बिना निष्पक्षता की सीमाओं का विस्तार करना है। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, न्यायाधिपति न्यायमूर्ति राजेश बिंदल न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने भी संबोधित किया।

राज्यपालः चित्रकूट

राज्यपाल और कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्विद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह में सहभागिता की। उन्होंने यहां 37 छात्रों को शोध उपाधि और 35 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक और एक विद्यार्थी को नानाजी देशमुख मेडल प्रदान किया। समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार विशेष तौर पर शामिल हुए। कुलाधिपति मंगु भाई पटेल ने कहा कि शिक्षा का उददेश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि वंचित समुदाय के उन्नति का मार्ग प्रशस्त करना भी है।

मुख्यमंत्रीः धार आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज धार में 'भिलाला समाज समागम' और युवक–युवती परिचय सम्मेलन में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, साथ ही हर समाज को आगे बढ़ने का अवसर दे रही है। भिलाला समाज प्राचीन समय से ही कार्य को आनंद और उत्साह के साथ करने की परंपरा का पालन करता आ रहा है। उन्होंने कहा "नशा नाश की जड़ है" का भाव समाज ने दिया है, और इस भाव का आने वाली अनेक पीढ़ियां अनुसरण करेंगी।

मुख्यमंत्री ने एक अन्य कार्यक्रम में थाना पीथमपुर (बगदून) के नव–निर्मित थाना भवन का लोकार्पण किया।

मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट

आज से राजधानी भोपाल में मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट 2025 का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में 27 देशों के 100 से अधिक विदेशी टूर ऑपरेटरों, 150 घरेलू टूर ऑपरेटरों, 355 सेलर्स, फिल्म जगत से जुड़े प्रतिनिधि और मीडिया सहित कुल 700 से अधिक प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। आयोजन के दौरान पर्यटन विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर भी किये जायेंगे।

जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का पूरे देश में लाभ मिल रहा है। पश्चिम बंगाल के विभिन्न उद्योगों को सशक्त बनाने वाले जीएसटी सुधारों पर एक रिपोर्ट।

*अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से पश्चिम बंगाल के कारीगरोंए किसानों और उद्योगों को व्यापक लाभ मिल रहा है। संशोधित जीएसटी दरों के तहतए प्रमुख स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प पर कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया हैए जिससे उत्पादन में जुड़े सैकड़ों कारीगरों और ग्रामीण परिवारों की लागत में उल्लेखनीय कमी आई है। जीएसटी 2020 के अंतर्गत दार्जिलिंग चाय के अर्क और एसेंस पर भी कर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इस कर कटौती ने दार्जिलिंग चाय उद्योग की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है। इसी प्रकारए प्रसंस्कृत आम उत्पादोंए जूस और जैम पर कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से उनके खुदरा मूल्य में 6 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। इस कदम से प्रसंस्कृत उत्पाद घरेलू उपभोक्ताओं के लिए अधिक किफायती हो गए हैंए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को नई गति मिली है। जीएसटी में इन कर कटौतियों से ग्रामीण आजीविका सशक्त हो रही है। छोटे उत्पादकों के लिए लाभांश बढ़ाया है और पश्चिम बंगाल के पारंपरिक तथा औद्योगिक क्षेत्रों के समग्र विकास को प्रोत्साहन मिल रहा है। इन सुधारों के साथ बाजारोंए समृद्ध समुदायों और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी स्थानीय उत्पादों को केंद्र के रूप में उभरने का मौका मिल रहा है। रोहन के साथ नीतिका गुप्ता आकाशवाणी समाचारए नई दिल्ली।*

लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल श्योपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की लगभग 1 करोड़ 26 लाख 86 हजार लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1 हजार 541 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर करेंगे। यह 29वीं किस्त होगी। मुख्यमंत्री 98 करोड़ 87 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे और 460 करोड़ 40 लाख रुपए के निर्माण और विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे।

क्रिकेट

नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत ने अपनी पहली पारी 5 विकेट पर 518 रन पर घोषित कर दी। भारत के यशस्वी जायसवाल ने 175 और कप्तान शुभगन गिल ने 129 रनों की शतकीय पारी खेली। जवाब में आज का खेल समाप्त होने तक वेस्टइंडीज की टीम अपनी पहली पारी में 4 विकेट पर 140 रन बना लिये है। भारत के लिए रवीन्द्र जडेजा ने तीन जबकि कुपदीप यादव ने एक विकेट हासिल किया।

मौसम

मध्यप्रदेश में बारिश का दौर लगभग थम गया है, लेकिन हवाओं की दिशा बदलने से दिन और रात के तापमान में गिरावट आयी है। राजधानी भोपाल सहित कई क्षेत्रों में तापमान में कमी देखी जा रही है। कई शहरों में पारा 20 डिग्री से नीचे है। इंदौर–उज्जैन संभाग के शहर सबसे ठंडे हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्के बादल छाए रह सकते हैं। 14 अक्टूबर को कहीं–कहीं बारिश होने के आसार है।

## समाचार संक्षेप में :–

- **केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने** आज **अशोकनगर के गांधी पार्क मेन मार्केट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में भाग लिया और जीएसटी बचत उत्सव के लाभों से जनता को परिचित कराया।**
- कोटा बैराज से चंबल नहर में 575 क्यूसेक पानी छोडा गया है। इससे श्योपुर जिले के अलावा मुरैना और भिंड के किसानों को लाभ मिलेगा।
- दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए झाबुआ जिले में खाद्य सुरक्षा प्रशासन और नापतोल विभाग की संयुक्त टीम द्वारा प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है।

———————————